Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 02-08-2006

Participants : Rawat Shri Bachi Singh

>

Title : Need to declare Dharchula and Mansyari Tehsil in Pithoragarh district of Uttaranchal as tribal areas.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' : उपाध्यक्ष जी, उत्तरांचल के सीमान्त जिले पिथौरागढ़ की दो तहसीलें धारचूला और पिथौरागढ़ ऐसी हैं जहां अनुसूचित जनजाति एवं वनवासी जातियों की बहुत बड़ी संख्या है। ये दोनों तहसीलें दुर्गम एवं बर्फीले क्षेत्र में आती हैं। इस कारण वहां उद्योग और खेती नहीं होती है। इस कारण इन तहसीलों के निवासियों की आर्थिक स्थिति अत्यन्त कमजोर एवं दयनीय है। इन तहसीलों के निवासियों की काफी समय से मांग रही है कि इस क्षेत्र में पड़ने वाली दोनों तहसीलों को अनुसूचित जनजाति घोाित किया जाए।

उपाध्यक्ष महोदय, उत्तरांचल के पिथौरागढ़ जिले की धारचूला एवं मुन्सारी तहसीलों को जनजाति क्षेत्र घोाित किए जाने हेतु उत्तरांचल की विधान सभा द्वारा सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित किया गया है। इस संबंध में प्रधान मंत्री जी द्वारा जनवरी, 2004 को देहरादून में उक्त तहसीलों को जनजातीय क्षेत्र घोाित किए जाने की सार्वजनिक घोाणा की गई थी, लेकिन अभी तक उन्हें जनजातीय क्षेत्र घोाित नहीं किया गया है। अतः क्षेत्र की जनता आन्दोलनरत है। इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि इन दोनों तहसीलों को अविलम्ब जनजातीय् क्षेत्र घोाित किया जाए।